संदेश

गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

महान संत गुरु रविदास शांति, प्रेम, सत्य और पुनर्जागरण के अग्रदूत थे। उनके द्वारा प्रचारित जीवन-मूल्य आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। समाज सुधारक के रूप में उन्होंने समाज के वंचित-शोषित वर्गों एवं महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किया।

अपनी वाणी से उन्होंने लोगों को सरलता, सहजता और विवेक की शिक्षा दी। उनका जीवन त्याग, तपस्या और मानव-सेवा का महान उदाहरण है। वे यह मानते थे कि मानव-मात्र की सेवा ही ईश्वर की सेवा है।

आइए, हम सब उनके बताए जीवन-मूल्यों के प्रसार एवं उनके अनुरूप आचरण को अपने जीवन का ध्येय बनाएं।

****